# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

वर्ष 13 | अंक 43 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रु.

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर प्रति मंगलवार, 17 मार्च 2026 से 23 मार्च 2026 तक


# चुनावी प्रचार की कमान थामेंगे.. मध्यप्रदेश के राजनेता

**म.प्र.**। पांच राज्यों पश्चिम बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु और पुड्डुचेरी में चुनाबी तिथि की घोषणा के साथ ही राजनीतिक पार्टियों की हलचल तेज हो गई है।

पांच राज्यों के अलावा मप्र में भी चुनावी राज्यों की रणनीति बन रही है। यहां की दो बड़ी पार्टियां भाजपा और कांग्रेस ने पांचों राज्यों के लिए चुलावी रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। इसके तहत दोनों पार्टियां अपने रणनीतिकार नेताओं को पांचों राज्यों में चुनाव प्रचार के लिए भेजेंगी। गौरतलब है कि मप्र के नेता चुनावी रणनीति में माहिर माने जाते हैं।

इसलिए भाजपा और कांग्रेस विभिन्न राज्यों में अपने नेताओं को चुनावी मोर्चे पर तैनात करती है। विशेष कर सत्ताधारी दल



भाजपा के नेताओं की रणनीति पर सबको भरोसा है। इसलिए भाजपा ने चुनावी राज्यों में अपने नेताओं को भेजना शुरू कर दिया है। पार्टी 50 से ज्यादा नेताओं को पश्चिम बंगाल और आसाम चुनाव प्रचार के लिए भेजेगी। जानकारों की माने को चुनाव की घोषणा से पहले मप्र के 11 नेता असम में सक्रिय रहे है, जहां उन्हें ऐसे क्षेत्रों में सक्रिय किया गया था, जहां भाजपा अपेक्षाकृत कमजोर मानी जाती है। इन नेताओं ने प्रथम चरण में अपने टास्क को पूरा किया है। बताया गया है कि जल्द भाजपा का केन्द्रीय नेतृत्व मप्र के नेताओं की पश्चिम बंगाल और आसाम में चुनावी दायित्व दिए जाने का निर्देश जारी कर सकता है।

# क्या 'डीज़ल डिप्लोमेसी'

## सुधार सकती है बांग्लादेश से भारत के संबंध?

**ईरान**। ईरान पर इसराइल-अमेरिका के हमले के बाद मध्य-पूर्व में छिड़ी जंग की वजह से दुनिया के कई देशों की तरह बांग्लादेश में भी ईंधन का संकट पैदा हो गया है देश में पेट्रोल पंपों पर गाड़ियों की लाइनें लग रही हैं और लोग शिकायत कर रहे हैं कि उन्हें ज़रूरत के मुताबिक तेल नहीं दिया जा रहा है इस सबके बीच भारत से बांग्लादेश को 5000 मीट्रिक टन डीजल की आपूर्ति की गई है बांग्लादेश ने ऊर्जा संकट में मदद के लिए भारत से 50,000 मीट्रिक टन डीज़ल और देने की मांग की है लेकिन अभी भारत की ओर से इस पर कोई जवाब नहीं दिया गया है। बांग्लादेश की



बीएनपी (बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी) के साथ भारत के संबंध पारंपरिक रूप से अच्छे नहीं रहे हैं हालांकि फरवरी में तारिक रहमान के नेतृत्व में बीएनपी की सरकार बनने के बाद मोदी सरकार ने उसका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया था लेकिन कुछ पर्यवेक्षकों का मानना है कि भारत को इस संकट के समय में बांग्लादेश की तेल, ख़ासकर डीजल, की आपूर्ति कर उसकी मदद करनी चाहिए क्योंकि वह चीन से भी मदद मांग चुका है उनका यह भी कहना है कि चीन भारत के पड़ोस में अपनी स्थिति मज़बूत करने का कोई मौका शायद ही गंवाएगा।

## NDA ने बिहार में जीती पांचों सीटें



**बिहार**। बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों पर हुए चुनाव की नतीजे आ गए हैं। पांचों सीटों पर NDA के उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों पर हुए चुनाव की नतीजे आ गए हैं। पांचों सीटों पर NDA के उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। नीतीश कुमार, उपेंद्र कुशवाहा, शिवेश राम, नितिन नवीन और रामनाथ ठाकुर ने जीत दर्ज की है। राजद उम्मीदवार को शिकस्त का सामना करना पड़ा है।

## केरल के लिए भाजपा की पहली सूची में 47 नाम, राजीव चंद्रशेखर और मुरलीधरन लड़ेंगे चुनाव

भारतीय जनता पार्टी ने आगामी केरल विधानसभा चुनाव के लिए 47 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। दो पूर्व केंद्रीय मंत्रियों को भी टिकट दिया गया है। इनमें राजीव चंद्रशेखर शामिल हैं, जो नेमम से चुनाव लड़ेंगे। दूसरा नाम वी मुरलीधरन का है, जो कझाकूट्टम से चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा, पार्टी ने के चंद्रशेखरन को मंजेश्वर सीट से उम्मीदवार बनाया है।

# चेटीचंड पर निकली भगवान झूलेलाल की भव्य रैली

## सिंधी समाज ने दिया एकता और सेवा का संदेश

**संपादक: रणजीत टाइम्स**

**गोपाल गावंडे**

इंदौर। सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल जी के जन्मोत्सव चेटीचंड के पावन अवसर पर इस वर्ष भी सिंधी समाज द्वारा बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज के बुजुर्ग, युवा, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए और सभी ने मिलकर समाज में एकता, प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। भगवान झूलेलाल जी की भव्य रैली दशहरा मैदान से प्रारंभ होकर भंवरकुआं तक निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और झूलेलाल जी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेवक प्रॉपर्टी ब्रोकर के हीरालाल खटवानी, अनिल कुमार खटवानी, राजेश खेतपाल, सुरेश सीतलानी, संजय मुंजल और दिलीप ज्ञानी ने सेवा और समाज में एकता बनाए रखने का संदेश दिया। सभी ने अपने







परिवार सहित कार्यक्रम में उपस्थित होकर समाज के प्रति अपनी सहभागिता दर्ज कराई। इस भव्य आयोजन की कवरेज रणजीत टाइम्स द्वारा की गई, जिसमें संपादक श्री गोपाल गावंडे जी ने पूरे कार्यक्रम का अवलोकन कर समाज की इस एकजुटता और उत्साह की सराहना की। चेटीचंड के इस पावन अवसर पर पूरे शहर में उत्सव का माहौल रहा और सिंधी समाज के लोगों ने भगवान झूलेलाल जी की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

# सरकार को सद्बुद्धि देने के लिए ग्वालियर में पत्रकारों ने किया हवन

## पत्रकार सुरक्षा कानून लागू नहीं हुआ तो सरकार की खबरों को कवरेज करना करेंगे बंद : रविंद्र पवैया

**दिव्यानंद अर्गल**

ग्वालियर। प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ एक ऐसा संघ है जो पत्रकार हितो की लड़ाई लड़ने के लिए हमेशा तत्पर रहता है संघ के सदस्यों के द्वारा मध्य प्रदेश सरकार सद्बुद्धि देने के लिए सुंदरकांड पाठ के साथ सद्बुद्धि हवन का आयोजन किया गया प्रेस मीडिया पत्रिका कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र सिंह पवैया की मार्गदर्शन में पत्रकार चिंता हरण हनुमान जी की शरण में पहुंचकर सुंदरकांड पाठ का आयोजन कर सद्बुद्धि हवन का भी आयोजन किया गया।

प्रेस मीडिया संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र सिंह पवैया ने कहा कि जब इस समय पत्रकार न गर्मी, न सर्दी, न बारिश देखता है अपनी जान जोखिम में डालकर खबरों को कवर करता है नेताओं को



कवर करता है समाज सेवी संगठनों को कवर करता है लेकिन मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार पत्रकारों की अनदेखी कर रही है इसी को लेकर प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के सदस्यों एवं सम्मानित पत्रकार साथियों के साथ हम सभी चिंता हरण हनुमान मंदिर उनकी शरण में आए और सुंदरकांड पाठ आयोजित कर को सद्बुद्धि देने के लिए हवन का आयोजन किया गया हम सभी पत्रकार साथियों के द्वारा हनुमान जी महाराज से प्रार्थना की है कि मध्य प्रदेश सरकार हम पत्रकरो के बारे में विचार करें और पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करें मध्य प्रदेश सरकार सुरक्षा कानून लागू नहीं कर पाती है तो हम सभी पत्रकार आगे की रूपरेखा तैयार कर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन भी करेंगे सदबुद्धि हवन शहर के सुप्रसिद्ध भागवताचार्य रामबरन शास्त्री महाराज एवं आचार्य विनय कृष्ण शास्त्री जी महाराज के द्वारा मंत्र उच्चारण की ध्वनि से सद्बुद्धि यज्ञ किया गया इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्र का साथियों के द्वारा पूर्ण आहुति देकर चिंता हरण हनुमान महाराज से कहा कि महाराज आप हमारी चिंता करें और मध्य प्रदेश सरकार को सद्बुद्धि प्रदान करें।

---

# शहडोल जिला को चिकित्सालय को मिली डायलिसिस मशीन की सौगात

**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल जिला चिकित्सालय में अब डायलिसिस की सुविधा भी मरीजों को प्राप्त होगी जिसकी मरीजों को अत्यंत आवश्यकता थी जो पूरी अब जाके पूरी हुई सांसद विवेक तंखा द्वारा जिला चिकित्सालय शहडोल को डायलिसिस मशीन उपलब्ध कराई गई। इस मशीन का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा एवं सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ ने फीता काटकर किया।

डायलिसिस मशीन उपलब्ध होने से अब किडनी से संबंधित गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को बेहतर उपचार की सुविधा जिला चिकित्सालय में ही मिल सकेगी और उन्हें बाहर जाने की आवश्यकता कम होगी।



किडनी मरीजों को के लिए ये सुविधा किसी वरदान से कम नहीं हैं।

# सनातन प्रीमियर लीग के दौरान एक प्रेरणादायक और उत्साहपूर्ण दृश्य

**राजेश धाकड़**

अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक देवकीनन्दन ठाकुर जी के साथ मॉडल, एक्टर एवं विधानसभा अध्यक्ष (ब्राह्मण समाज) के पं कुणाल पंचोली जी मैदान में क्रिकेट खेलते नजर आए। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों के साथ समय बिताते हुए उनका उत्साह बढ़ाया और युवाओं को खेल एवं संस्कृति से जुड़े रहने का संदेश दिया। आयोजन के दौरान मैदान में मौजूद खिलाड़ियों और दर्शकों में खास उत्साह देखने को मिला। युवा शक्ति, सनातन संस्कृति और एकता का यह संगम पूरे आयोजन को ऊर्जा और सकारात्मकता से भर गया। सनातन प्रीमियर लीग जैसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करने के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को भी आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने भी इस पहल की सराहना की और इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया।



---

## उपभोक्ता अनावष्यक गैस का न करे संग्रहण जिले में गैस के पर्याप्त भंडार-कलेक्टर

**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिले में घरेलू गैस सिलेंडर की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए बताया कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडर की कमी नहीं है। उपभोक्ता अफवाहो में आकर अनावष्यक रूप से संग्रहित न करें। जिले में गैस एजेंसियो की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। आपने जिला आपूर्ति नियंत्रक अधिकारी को निर्देष दिए कि जिन उपभोक्ताओ द्वारा गैस सिलेंडर प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन बुकिंग कराई जा रही है उन्ही उपभोक्ताओ को प्राथमिकता से गैस सिलेंडर का वितरण किया जाएगा। आपने निर्देष दिए कि गैस एजेंसी द्वारा घर पर गैस सिलेंडर की डिलेवरी देने पर ही डिलेवरी चार्ज लिया जाएं। जो उपभोक्ता गैस गोदाम से गैस प्राप्त कर रहें है उनसे डिलेवरी चार्ज न लिया जाएं। कलेक्टर ने निर्देष दिए कि किसी भी उपभोक्ता से गैस एजेंसी में अतिरिक्त राषि नही वसूली जाएं और न ही बिना नम्बर के गैस सिलेंडर वितरित किये जाएं। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाएं जाने पर संबंधितो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए।

# संकल्प समाधान अभियान के तहत जनपद पंचायत सोहागपुर सभागार में आयोजित हुआ खंड स्तरीय शिविर

**प्रदीप सिंह बघेल**

**शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत सोहागपुर के सभागार में संकल्प से समाधान अभियान के तहत खंड स्तरीय षिविर आयोजित किया गया। षिविर का शुभारंभ जनपद पंचायत सोहागपुर की अध्यक्ष हीरावती कोल, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री मुद्रिका प्रसाद सिंह ने मॉ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया।**

षिविर में आए लोगो को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओ की जानकारी दी गई एवं योजनाओ का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। षिविर में प्रतीकात्मक रूप से कुल 25 हितग्राहियो को विभिन्न योजनाओं की स्वीकृति आदेश उपस्थित जनप्रनिधियो एवं अधिकारियो द्वारा वितरित किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य लक्ष्मण गुप्ता, महिला बाल विकास अधिकारी श्री आनंद अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी व लोग उपस्थित रहें।







रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार



इंदौर प्रति मंगलवार, 17 मार्च 2026 से 23 मार्च 2026 तक

# मीना जैन-सुनील जैन के भवन में 8200 वर्गफीट अवैध निर्माण

## तीन नोटिस के बाद निगम का चौथा अल्टीमेटम

### 15 दिन में नहीं हटाया तो होगी तोड़फोड़ कार्रवाई

आदित्य शर्मा

इंदौर। शहर के पॉश माने जाने वाले साउथ तुकोगंज इलाके में बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण का मामला सामने आया है। नगर निगम के जोन क्रमांक 11 के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 55 में ब्लॉक-1 स्थित प्लॉट क्रमांक 9/2/1 पर मीना जैन पति सुनील कुमार जैन द्वारा स्वीकृत भवन अनुज्ञा की शर्तों के विपरीत हजारों वर्गफीट अतिरिक्त निर्माण कर लिया गया है।

**नगर निगम के रिकॉर्ड के अनुसार**

इस प्लॉट का कुल क्षेत्रफल 9129.94 वर्गफीट है। नगर निगम द्वारा 1 दिसंबर 2024 को जारी भवन अनुज्ञा क्रमांक PMT/IND/0152/4586/2023 के तहत मध्यप्रदेश भूमि विकास अधिनियम 2012 तथा इंदौर विकास योजना 2021 के प्रावधानों के अनुसार यहां 3445 वर्गफीट ग्राउंड कवरेज और 1.21 एफएआर के साथ कुल 11086.83 वर्गफीट आवासीय निर्माण की अनुमति दी गई थी

**स्वीकृत मानचित्र के अनुसार**

इस प्लॉट पर तल मंजिल पर 3448.32 वर्गफीट, पहली मंजिल पर 2819.71 वर्गफीट, दूसरी मंजिल पर 3063.19 वर्गफीट तथा तीसरी मंजिल पर 1758.82 वर्गफीट निर्माण होना था। इसके साथ ही प्लॉट के शेष हिस्से को मार्जिनल ओपन स्पेस (एमओएस) के रूप में खुला रखना अनिवार्य था। नियमों के अनुसार सामने की ओर लगभग 30 फीट, पीछे की ओर 11 फीट तथा दोनों साइड में 10-10 फीट जगह खाली छोड़ी जानी थी ताकि वेंटिलेशन, फायर सेफ्टी और सेटबैक नियमों का पालन हो सके। लेकिन मौके पर स्थिति पूरी तरह अलग दिखाई दे रही है। जानकारी के अनुसार निर्माणकर्ता द्वारा निर्धारित एमओएस क्षेत्र पर कब्जा करते हुए करीब 5460 वर्गफीट का जी+2 भवन खड़ा कर दिया गया है। इसके ऊपर लगभग 3500 वर्गफीट अतिरिक्त निर्माण भी किया गया है। इतना ही नहीं, फ्रंट एमओएस में करीब 600 वर्गफीट का पक्का पोर्च भी बना दिया गया है। इस तरह मौके पर कुल 19200 वर्गफीट से अधिक निर्माण हो चुका है, जो स्वीकृत निर्माण क्षेत्र 11086.83 वर्गफीट से लगभग 8200 वर्गफीट ज्यादा बताया जा रहा है।

**एमओएस नियमों का भी उल्लंघन**

नगर निगम की जांच में यह भी सामने आया कि निर्माण के दौरान मार्जिनल ओपन स्पेस के नियमों का भी गंभीर उल्लंघन किया गया। फ्रंट साइड में निर्धारित 9 मीटर एमओएस को लगभग पूरी तरह कवर कर निर्माण कर लिया गया। पीछे की ओर जहां 3 मीटर जगह खाली छोड़ना अनिवार्य था, वहां करीब 1.6 मीटर हिस्से पर कब्जा कर लिया गया और मात्र 1.4 मीटर जगह ही छोड़ी गई। दोनों साइड में जहां 3-3 मीटर एमओएस होना चाहिए था, वहां एक तरफ सिर्फ 1.5 मीटर और दूसरी तरफ 2.2 मीटर ही छोड़ा गया। यानी कई स्थानों पर एमओएस पर कब्जा कर निर्माण कर लिया गया, जो नगर निगम के भवन निर्माण नियमों का खुला उल्लंघन माना जा रहा है

**तीन नोटिस के बाद भी नहीं हटा निर्माण**

**अवैध निर्माण को लेकर नगर निगम ने क्रमश**

### कई नोटिस जारी किए

13 मई 2025 को पहला नोटिस (IMC/ZONE-11/WARD-55/2025/0709/1) जारी किया गया, जिसमें निर्माणकर्ता से तीन दिन के भीतर दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया। इसके बाद 21 मई 2025 को दूसरा नोटिस (IMC/ZONE-11/WARD-55/2025/0780/1) जारी कर 22 मई को जोन कार्यालय में उपस्थित होकर दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। जब इसका भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो 26 मई 2025 को तीसरा नोटिस (IMC/ZONE-11/WARD-55/2025/0800/1) जारी कर 15 दिन के भीतर अवैध निर्माण स्वयं हटाने के निर्देश दिए गए। नोटिस में साफ कहा गया था कि यदि तय समय सीमा में अवैध निर्माण नहीं हटाया गया तो नगर निगम द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**9 महीने बीते, फिर भी कार्रवाई नहीं**

**सबसे बड़ा सवाल**

3

तीन नोटिस जारी होने के बावजूद करीब 9 महीने तक अवैध निर्माण पर कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जोन क्रमांक 11 में पदस्थ भवन अधिकारी और भवन निरीक्षक की निष्क्रियता के कारण यह निर्माण जस का तस खड़ा रहा। अब नगर निगम ने चौथा सूचना पत्र जारी कर निर्माणकर्ता को 15 दिन का अंतिम समय दिया है। नोटिस में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि निर्धारित अवधि में अवैध निर्माण नहीं हटाया गया तो निगम स्वयं रिमूवल यानी तोड़फोड़ की कार्रवाई करेगा।

**अब सबकी नजर निगम की कार्रवाई पर**

लगातार नोटिस के बावजूद अब तक कार्रवाई नहीं होने से निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अगर तय समय सीमा के बाद भी कार्रवाई नहीं होती तो यह मामला निगम अधिकारियों की कार्यशैली और अवैध निर्माण पर उनकी सख्ती पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करेगा। अब पूरे इलाके की नजर इस बात पर टिकी है कि 15 दिन की अवधि पूरी होने के बाद नगर निगम वास्तव में बुलडोजर चलाता है या यह नोटिस भी कागजों में ही सीमित रह जाता है।



कार्यालय नगर पालिक निगम, इंदौर
जोन क्रमांक - 11


क्रमांक IMC/Zone-11/Ward-55/2026/1862/1 — दिनांक 10/MAR/2026

(मध्य प्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 एवं म प्र भूमि विकास नियम 2012 के अंतर्गत)
//सूचना पत्र//











# सहज योग में ध्यान साधना से

## .... प्रशस्त होता है ज्ञान मार्ग ...

आज ज्ञानमार्ग पर चलने की इच्छा मनुष्यों में निरंतर बढ़ रही है। आज असंख्य गुरु हैं जो आध्यात्मिक उत्थान के मार्ग पर चल रहे हैं। इनके अनुयायियों की संख्या भी दिन पर दिन बढ़ रही है। ऐसे ही दौर में सहज योग का विस्तार भी बहुत धीमी गति से पर निरंतर हो रहा है

सहज योग श्री माताजी निर्मला देवी द्वारा विकसित ध्यान की एक सहज और निःशुल्क पद्धति है, जो 'आत्मसाक्षात्कार' (कुंडलिनी जागरण) के माध्यम से व्यक्ति को सर्वव्यापी परमात्मा के दिव्य प्रेम शक्ति से जोड़ती है। आध्यात्म विकास की वह तीव्र प्यास है, जिसमें साधक बुद्धि, विवेक और शास्त्र अध्ययन के माध्यम से सत्य (ब्रह्म) को जानना चाहता है।

इसका मुख्य लक्ष्य अज्ञानता को दूर कर आत्मा और परमात्मा की एकाकारिता को समझना और आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करना है। यह मार्ग दुष्कर्मों से वैराग्य, व शुद्ध आत्म-चिंतन और मनन के द्वारा संसार में रहते हुये सांसारिक मोह को छोड़ने की प्रेरणा देता है। सहज योग ध्यान (Meditation) एकाग्रता और आंतरिक सजगता के द्वारा मन को शांत कर आत्म-साक्षात्कार और सत्य के ज्ञान का मार्ग प्रशस्त करता है। हाथों और तालु भाग से जब चैतन्य प्रवाहित होता है तब हम इस जीवंत प्रक्रिया के साक्षी बनते हैं और आत्मसाक्षात्कार का आनंद उठाते हैं। हमें यह अनुभूति होती है कि सहज ध्यान केवल बैठने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि हर कार्य में निर्विचार सजगता (Thoughtless awareness) है, जो मानसिक प्रतिबंधों को तोड़कर आत्मा को परमात्मा से जोड़ने में सहायक बनता है। ध्यान के माध्यम से मन का विचार प्रवाह कम होता है और एकाग्रता बढ़ती है, जिससे व्यक्ति को अपने वास्तविक स्वरूप का ज्ञान होता है।हममें सजगता आती है और निरंतर ध्यान के अभ्यास से व्यक्ति को अपनी आदतों, प्रवृत्तियों और दोषों का ज्ञान होता है, जिससे वह स्वयं को सुधार पाता है। ध्यान का उद्देश्य केवल एकाग्रता नहीं, बल्कि आत्म-ज्ञान या आत्म-साक्षात्कार की प्राप्ति है।

### ज्ञान मार्ग पर चलने के लिए

ध्यान के साथ-साथ हृदय में प्रेम, दया, करुणा और शुद्ध इच्छा का होना अत्यंत आवश्यक है, जो ईश्वर की याद को और अधिक गहरा बनाता है। ध्यान एक साधन (Tool) है, और ज्ञान या मोक्ष (Liberation) लक्ष्य है। निरंतर प्रयास से ही व्यक्ति अपनी अज्ञानता से मुक्ति पाकर ज्ञान प्राप्त कर सकता है। विस्तार से सहज योग को जानने हेतु और आत्मसाक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं। सहज योग सदैव निःशुल्क है।

## सहजयोग से प्राप्त करें देवी कवच का क्रियात्मक संरक्षण

श्री माताजी प्रणित सहजयोग एक नैसर्गिक, शास्त्रीय (Scientific) और आध्यात्मिक ध्यान पद्धति है। इस ध्यान पद्धति को नैसर्गिक इसलिये कहा जाता है, क्योंकि सामूहिक आत्म साक्षात्कार देने की इस विधा में पंच महाभूतों का उपयोग किया जाता है। प.पू श्री माताजी द्वारा आत्मसाक्षात्कार प्राप्त साधक की कुंडलिनी शक्ति बड़ी सहजता से उर्ध्वगामी होकर हर दिन के ध्यान द्वारा पोषित होकर, साधक को निर्विचारिता का निरानंद प्रदान करती है। नवरात्रि के दिनों में हम माँ दुर्गा का पूजन-अर्चन कर देवीकवच का पाठ करते हैं। देवी कवच अर्थात् माँ दुर्गा का संपूर्ण संरक्षण हमें इस कवच से प्राप्त होता है।



नवरात्रि में हम नवदुर्गा का पूजन, अर्चन और ध्यान करते हैं। माता शैलपुत्री, ब्रम्हचारिणी, चंद्रघन्टा कुष्मांडा स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, सिद्धिदात्री तथा महागौरी आदि रूपों में पूजित माँ भगवती आदिशक्ति एक-एक रूप धारण कर साधक सूक्ष्मातिसूक्ष्म अवयवों का रक्षण कर साधक को विविध आपदाओं से बचाती हैं। ये सारी देवीयां विविध अंलकारों से युक्त और योग शाक्तियों से संपन्न हैं। उन्होंने अपने हाथों में शंख, चक्र, गदा, हल, मूसल, खेटक, तोमर इत्यादि विविध आयुध इसलिये धारण किये हुए हैं कि ये अपने भक्तों को अभयदान देकर संरक्षित कर सकें और सारी दुष्ट शक्तियों का विनाश कर सकें।

विभिन्न शक्तियों से संपन्न ये सारी देवीयां हमारे पांव के नाखूनों से सिर के बाल तक हमारे सारे आंतरिक अवयव, हमारी स्थावर व जंगम संपत्ति, हमारे गोत्र, पुत्र-पौत्रादि की रक्षा करती हैं। इस पृथ्वी पर उपस्थित सभी प्रकार की नकारात्मक शक्तियों का दुष्प्रभाव इनकी कृपा से समाप्त हो जाता है। देवी का यह कवच देवताओं के लिये भी दुर्लभ है। कवच से सुरक्षित मनुष्य निर्भय हो जाता है, उसकी सारी आध्यात्मिक, अधिभौतिक और अधिदैविक व्याधियां सभी नष्ट हो जाती हैं। सहजयोग में श्री माताजी ने देवी कवच का क्रियात्मक स्वरूप प्रदान किया है। आत्मसाक्षात्कार प्राप्ति के बाद साधक के मूलाधार में स्थित कुंडलिनी शक्ति ऊर्ध्वगामी होकर ब्रह्माण्ड में स्थित ऊर्जा से साधक का योग घटित कराती है योग की यह जीवंत क्रिया जब साधक के अंतरंग में घटित होती है तब उसकी उंगलियों के पोरों से और तालू भाग से शीतल चैतन्य लहरियां (positive protective energy) बहने लगती हैं। इन चैतन्य लहरियों की मदद से साधक अपने हाथों से अपनी शक्ति को उठाकर बंधन लेकर अपने सातों चक्रों को कवच (संरक्षण) में बाँध लेता है। जब आत्मसाक्षात्कारी व्यक्ति इस प्रकार का क्रियात्मक कवच लेता है तब उस व्यक्ति के इर्द-गिर्द सकारात्मक ऊर्जा का एक वलय तैयार होता है और वह वलय साधक को सारी दुष्ट, नकारात्मक शक्ति से बचाकार उसके अंग-प्रत्यंगो की रक्षा करता है। देवी कवच में वर्णित सारे आशीर्वादों का जीवंत अनुभव प्राप्त करने हेतु सहजयोग ध्यान में आपका स्वागत है।

# धार पुलिस थाना कोतवाली कि बड़ी कार्रवाई अपराध पंजीबद्ध होने पर 2 घंटे मे आरोपी को किया गिरफ्तार

दिलीप पाटीदार

श्रीमान उप पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक श्री मयंक अवस्थी द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विजय डावर के निर्देशन में श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री सुजावल जग्गा के मार्गदर्शन में पुलिस थाना कोतवाली द्वारा अपराध पंजीबद्ध होने के 2 घंटे बाद ही आरोपी महेश प्रजापत को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की 01.मृतिका शारदा की आत्महत्या के संबंध में पुलिस थाना कोतवाली धार द्वारा मात्र पांच दिनो में मर्ग जांच कर किया प्रकरण दर्ज । दिनांक 10.03.2026 को थाना कोतवाली पर मृतिका शारदा पिता जोगडिया सेरवाल जाति बलाई उम्र 25 साल निवासी अर्जुन कॉलोनी धार द्वारा फांसी




लगाकर आत्महत्या करने संबंधित सूचना प्राप्त होने पर थाना कोतवाली पर मर्ग क्रमांक 15/2026 धारा 194 बीएनएसएस का पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया । मर्ग जांच के दौरान मृतिका के परिजन व उपलब्ध साक्ष्य अनुसार पाया कि मृतिका शारदा को आरोपी महेश प्रजापत ने प्यार में फसा कर उसे करीब 3 साल तक शादी का झांसा देकर उसे विश्वास में लेकर बात करता रहा व करीब 1 साल पहले से उसने मृतिका शारदा से शादी करने के लिये मना कर उसका विश्वास तोड दिया जिससे वह काफी परेशान रहने लगी व उसे मानसिक तनाव भी हो गया था जिससे वह गुमशुम रहती थी। इन्ही कारणो से तंग आकर मृतिका शारदा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली हैं। मर्ग जांच के दौरान मृतिका शारदा की पीएम रिपोर्ट भोज अस्पताल धार से प्राप्त की गई व गवाहो के कथनानुसार थाना कोतवाली पर अपराध क्रमांक 164/2026 धारा 108 Bns एवं 3(1)(V) एससी/एसटी का पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया । प्रकरण की गंभीरता को देखते हु आरोपी महेश पिता श्रवण प्रजापत जाति कुम्हार निवासी रानीखेडी राजोद को दिनांक 15-03-2026 को गिरफ्तार किया गया जिससे पूछताछ कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं।

### सराहनीय कार्य

थाना प्रभारी दीपक सिंह चौहान, सहायक उप निरीक्षक अनिल डावर, आरक्षक 390 राजकुमार, आरक्षक 137 राममूर्ति, सैनिक 125 रोहित, दुर्गेश पाटीदार का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

---

## घायल हिरण को उपचार के लिए भेजा



सुमेर दाधीच

बालोतरा। जिले के खोखसर गांव में आज सुबह एक हिरण अपनी मस्ती में बैठा था तब कुत्ते ने देख लिया तो हिरण की मस्ती कुत्ते को पसंद नहीं आई और सीधा हमला कर दिया जिससे हिरण गंभीर घायल हो गया खून से लथपथ हो गया इस बीच कुत्ते की ओर हिरण की आवाज सुन कर वन्य जीव प्रेमी दिलीप दाधीच और भंवर हुड्डा ने बीच बचाव कर हिरण को कुत्ते से बचाया और वन विभाग टीम को सूचित कर बुलाया गया टीम पहुंचने तक दोनों वन्यजीव प्रेमी हिरण के पास ही बैठे रहे टीम के आने के बाद टीम को सुपुर्द कर वहा से निकले। ग्रामीणजनो का कहना है कि यहां पर आवारा कुत्तों का झुंड है जो आए दिन किसी ना किसी वन्य जीव पर हमला कर अपना शिकार बना देते है, हिरण प्यासे पानी के लिए भटकते है पर उनको पानी तो मिलता है या नहीं पर अपनी मौत का शिकार जरूर हो जाते है।

## थाना चंदननगर पुलिस का मानवीय चेहरा

खुशबू श्रीवास्तव

परिवार से बिछड़ी मां बेटी को सकुशल पहुंचाया उनके घर गांव से आई भोली भाली महिला रास्ता भटक कर घूम रही थी गली गली दिनांक 13.03.2026 की रात सूचना मिली कि एक महिला जिसकी उम्र 28 साल व उसके साथ उसकी 3 साल की बच्ची भी है , महिला जिसका दिमागी संतुलन ठीक ना होने से अपना घर का पता भूल गई । महिला को थाना चंदननगर पर लाया गया और उसकी क्षेत्रीय भाषा निमाड़ी में महिला से संवाद कर पूछताछ की गई। महिला सही से ना बोल व अपना नाम पता बता पा रही थी । बता रही थी मै बरु फाटक गांव की रहने वाली हु इंदौर में पति के साथ काम करने आई हु ओर घर का रास्ता भूल गई हु । महिला ओर उसकी मासूम बच्ची को गाड़ी में बैठाकर संभावित गलियों में घुमाया गया मकान दिखाई गए , लैंडमार्क दिखाए गए बाद चंदननगर क्षैत्र के आसपास महिला के परिजन के बारे में पुछताछ करते महिला का पता विजयश्री कॉलोनी होना पता चला महिला चंपा बाई और उसकी बच्ची को पति सुरेश



विश्वकर्मा विजयश्री नगर के सुपुर्द किया गया । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी चंदन नगर निरीक्षक तिलक करोले, si सौरभ कुशवाह, si संध्या श्रीवास्तव , चंदननगर frv में पदस्थ आरक्षक विरेंन्द्र बामनिया, नगर सैनिक क्षीरसागर शर्मा की सराहनीय भूमिका रही ।

## एनएमएमएस-2025 परीक्षा में सांदीपनि विद्यालय शा. मॉडल स्कूल डीडी नगर के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन



दिव्यानंद अर्गल

ग्वालियर :- सांदीपनि शासकीय मॉडल उ० माध्यमिक विद्यालय दीनदयाल नगर मुरार ग्वालियर के विद्यार्थियों ने पुनः अपने माता-पिता एवं विद्यालय को गौरवान्वित किया है। नेशनल मेरिट कम मींस परीक्षा (एन एम एम एस 2025) परीक्षा में विद्यालय के 09 विद्यार्थियों ने अपना स्थान सुरक्षित किया है। यह 09 प्रतिभाशाली विद्यार्थी देव सिंह सेंगर, कृष्ण सिंह तोमर, चित्रा शर्मा, वैष्णवी सिंह, हिमांशी प्रतिहार, वैभव सिंह भदोरिया,शिवेंद्र लोधी, राघवेंद्र सिंह एवं परी जादौन। विद्यालय के शिक्षकों ज्ञानेंद्र सिंह कुशवाह, विनोद सिंह कुशवाह एवं संजीव कुमार दुबे के मार्गदर्शन में उक्त छात्र-छात्राओं ने यह सफलता अर्जित की है। विद्यालय की प्राचार्य, उपप्राचार्य एवं प्रधानाध्यापक द्वारा सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया एवं मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई दी गई।

---

# तरुण खटीक की स्मृति में खटीक समाज ने निकाला कैंडल मार्च

रेणु कैथवास

इंदौर। खटीक समाज के युवक तरुण खटीक के निधन पर खटीक समाज में शोक की लहर है। इसी क्रम में खटीक समाज के लोगों द्वारा तरुण खटीक को श्रद्धांजलि देने के लिए एक कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और सभी ने मोमबत्तियां जलाकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

कैंडल मार्च शहर के विभिन्न मार्गों से होकर निकाला गया, जिसमें खटीक समाज कार्यकारिणी के सदस्य, समाज के वरिष्ठजन, युवा वर्ग एवं महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने एकजुट




होकर तरुण खटीक को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर खटीक समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज हमेशा एकजुट होकर अपने लोगों के साथ खड़ा रहता है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई करने की भी मांग की। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत तरुण खटीक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। खटीक समाज संघ से श्याम सिलावट- आनंद सिलावट, योगेश सिलावट, मम्मू सिलावट,राकेश सिलावट, अजय सिलावट, रंजीत सिलावट, हंसु सिलावट, अमन सिलावट, दीपक सिलावट,पप्पू सिलावट।

# ग्राम पंचायतो के पैसा एक्ट मे पारित प्रस्ताव को अनदेखा न करे प्रशासन-विधायक प्रताप ग्रेवाल

## विधायक प्रताप ग्रेवाल ने ग्राम बोदली, हनुमंत्याकाग, कोठड़ाखुर्द, टांडाखेडा दसई के ग्रामीणो के साथ कलेक्टर के नाम पर सौंपा आवेदन

दिलीप पाटीदार

सरदारपुर तहसील की ग्राम पंचायत बोदली, हनुमंत्याकांग, टांडाखेडा दसई मे ग्राम सभा मे पैसा एक्ट मे सौर ऊर्जा के लिए जमीन आवंटित नही करने का प्रस्ताव पारित करने के बावजूद सौर ऊर्जा के लिए गौचर भूमि आवंटन की प्रक्रिया जारी होने पर सोमवार को विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा ग्राम पंचायत बोदली, हनुमंत्याकांग, टांडाखेडा दसई के जनप्रतिनिधीयो और ग्रामीणो के साथ एसडीएम कार्यालय पहुचकर जिला कलेक्टर के नाम पर एसडीएम सलोनी अग्रवाल को आवेदन सौंपा और ग्राम पंचायतो के पैसा एक्ट मे पारित प्रस्ताव को अनदेखा नही करने एवं जमीन आवंटित नही करने की मांग रखी। आवेदन के माध्यम से बताया है कि न्यायालय तहसीलदार, तहसील सरदारपुर ग्राम बोदली में कुल 219 शासकीय भूमि सर्वे नंबर एन.ई.आर.डी. (उर्जा विभाग) भोपाल को, न्यायालय नायब तहसीलदार,



वृत्त दसई टप्पा कार्यालय दसई तहसील सरदारपुर, ग्राम कोठड़ाखुर्द में कुल 6 शासकीय भूमि सर्वे नंबर एन.ई.आर.डी. (उर्जा विभाग) भोपाल को, न्यायालय नायब तहसीलदार, वृत्त दसई टप्पा कार्यालय दसई तहसील सरदारपुर जिला धार द्वारा ग्राम हनुमंत्या काग में कुल 3 शासकीय भूमि सर्वे नंबर सौर उर्जा हेतु आवंटित करने, न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त दसई टप्पा कार्यालय दसई तहसील सरदारपुर द्वारा टांडाखेडा दसई के सेंकडो शासकीय भूमि सर्वे नंबर नविन नवकरणीय उर्जा विभाग भोपाल को आवंटित करने के लिए सुचना पत्र जारी किये गए है लेकिन ग्राम पंचायत बोदली, हनुमंत्या काग, टांडाखेडा दसई द्वारा समय सीमा में समस्त शासकीय भूमि सौर उर्जा के लिए आवंटित नही करने हेतु पैसा एक्ट के तहत ग्राम सभा मे प्रस्ताव पारित किया जाकर सम्बंधित तहसील न्यायालय को दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है यह गोचर भूमि आवंटित करने पर ग्रामीणो की भी आपत्ति है। यह समस्त भूमि कार्यालय एन.ई. आर.डी. भोपाल को आवंटित करने से गरीब आदिवासी भूमिहीन हो जाएंगे, गोचर के लिए भूमि नही बचेगी क्योकि संबंधित विभागों द्वारा समस्त शासकीय भूमि आवंटित करने की कार्यवाही की गई है जो कि उचित नही है। इसलिए ग्राम सभा मे पैसा एक्ट के तहत पारित प्रस्ताव अनुसार ग्राम बोदली, हनुमंत्या काग, कोठड़ाखुर्द, टांडाखेडा दसई स्थित शासकीय गोचर भूमि को एन.ई.आर. डी. (उर्जा विभाग) भोपाल सहित अन्य विभागों को आवंटित नही की जाए। इस दौरान ग्राम पंचायत बोदली सरपंच भमरसिंह भूरिया, हनुमंत्याकांग सरपंच नारायण कटारा, पूर्व सरपंच पुष्कर ग्रेवाल, युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष दिनेश चौधरी, अमृत चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# धार जिले में तंबाकू नियंत्रण कानून का प्रभावी क्रियान्वयन, COTPA अनुपालन में 80 प्रतिशत से अधिक स्कोर

दिलीप पाटीदार

धार कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में जिले में तंबाकू नियंत्रण कानून के प्रभावी क्रियान्वयन तथा सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 2003 (COTPA) की धारा 4, 5, 6 एवं 7 के अनुपालन संबंधी एंडलाइन कंप्लायंस असेसमेंट अध्ययन के निष्कर्ष प्रस्तुत करने हेतु कलेक्टर सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई।बैठक में मध्यप्रदेश वॉलन्ट्री हेल्थ एसोसिएशन के परियोजना समन्वयक श्री आनंद वर्मा द्वारा COTPA अधिनियम के अनुपालन पर किए गए अध्ययन के निष्कर्ष प्रस्तुत किए गए। यह अध्ययन स्वतंत्र एजेंसी इंदौर स्कूल ऑफ सोशल वर्क द्वारा किया गया।

बैठक के दौरान बताया गया कि जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, नगरीय निकाय, पंचायत, शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा संबंधित संस्था के संयुक्त प्रयासों से जिले में तंबाकू नियंत्रण कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की गईं। इसके अंतर्गत जिला एवं विकासखंड स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन, भारत सरकार द्वारा जारी तंबाकू मुक्त गांव की मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) के अनुसार पंचायत स्तर पर हितधारकों का उन्मुखीकरण, समुदाय आधारित जागरूकता कार्यक्रम तथा समय-समय पर प्रवर्तन दल द्वारा निरीक्षण एवं कार्रवाई की गई। इसके साथ ही आमजन को तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करने के लिए निरंतर अभियान भी चलाए गए। अंतिम अनुपालन सर्वेक्षण के आधार पर यह निष्कर्ष सामने आया कि धार जिले ने 80 प्रतिशत से अधिक स्कोर प्राप्त करते हुए COTPA अधिनियम की धारा 4, 5, 6(अ) एवं 7



का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया है। यह उपलब्धि जिले में तंबाकू नियंत्रण के क्षेत्र में किए जा रहे समन्वित प्रयासों का सकारात्मक परिणाम है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि तंबाकू नियंत्रण के क्षेत्र में सभी विभागों के समन्वित प्रयासों से सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि इन उपलब्धियों को बनाए रखने तथा उन्हें और अधिक सुदृढ़ करने के लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ निरंतर कार्य करना आवश्यक है, जिससे जिले में तंबाकू नियंत्रण कानून का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।इस अवसर पर जिले के समस्त विभागों की ओर से कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा को उनके नेतृत्व, मार्गदर्शन एवं तंबाकू नियंत्रण कानून के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनीता सिंगारे, जिला नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. संजय भंडारी को स्मृति चिन्ह प्रदान कर पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री संजीव केशव पाण्डेय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक चौधरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनीता सिंगारे, जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. संजय भंडारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए अब 12 विशेष पेट्रोलिंग टीम करेगी सतत भ्रमण

### डीसीपी श्री राजेश कुमार त्रिपाठी ने पेट्रोलिंग/व्हील लॉक टीम के कार्यों की समीक्षा की। लगातार कार्यवाही से शहर में यातायात हुआ अधिक सुगम एवं व्यवस्थित

आदित्य शर्मा

इंदौर। शहर में यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारू, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री आर.के. सिंह एवं पुलिस उपायुक्त (यातायात) श्री राजेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा चारों जोन के लिए चार विशेष पेट्रोलिंग टीमों सहित 8 बैकअप व्हील लॉक टीमें काम करेगी।

उक्त टीमों का मुख्य उद्देश्य शहर के व्यस्ततम मार्गों, प्रमुख बाजार क्षेत्रों एवं यातायात दबाव वाले स्थानों पर अव्यवस्थित एवं अवैध पार्किंग पर नियंत्रण कर, यातायात नियमो का उल्लंघन पर कार्यवाही, यातायात को सुगम बनाना है।

इसी क्रम में आज दिनाँक 14 मार्च को पुलिस उपायुक्त श्री राजेश कुमार त्रिपाठी द्वारा यातायात प्रबंधन पुलिस के एडिशनल डीसीपी, एसीपी, थाना प्रभारी की उपस्थिति में पेट्रोलिंग पार्टी एवं व्हील लॉक पार्टी के अधिकारी कर्मचारियों के कार्यों की समीक्षा बैठक ली गई इस दौरान आठ अन्य पेट्रोलिंग टीम बनाई गई । यातायात के चारो जोन में 2-2 व्हील लॉक/पैट्रोलिंग टीम जिसमे 4-4 अधिकारी/कर्मचारी रहेंगे। ये 12 टीमें अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में भ्रमण कर यातायात दबाव एवं अव्यवस्थित पार्किंग की स्थिति का निरीक्षण किया जाएगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाएगी।

पेट्रोलिंग टीमों द्वारा मुख्य मार्गों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सतत भ्रमण करते हुए पीए सिस्टम, बॉडी वॉर्न कैमरा, क्रेन/सपोर्ट वाहन, व्हील लॉक एवं पीओएस मशीन की सहायता से अवैध पार्किंग, फुटपाथ पर वाहन खड़े करने तथा सड़क पर वाहन खड़े कर यातायात बाधित करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

यातायात पुलिस द्वारा पहले वाहन चालकों को समझाइश एवं चेतावनी दी जा रही है, इसके पश्चात नियमों का उल्लंघन करने पर व्हील लॉक एवं क्रेन के माध्यम से चालानी कार्यवाही की गई।। इसके अतिरिक्त, पीए सिस्टम के माध्यम से नागरिकों



को यातायात नियमों का पालन करने तथा निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करने की अपील की जा रही। यातायात पुलिस द्वारा की जा रही निरंतर कार्यवाही के परिणामस्वरूप कई क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था अधिक सुगम हुई है तथा आम नागरिकों को राहत मिली है। इंदौर यातायात पुलिस द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाने हेतु यह अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा आगामी दिनों में भी विभिन्न क्षेत्रों में विशेष पेट्रोलिंग एवं सख्त कार्यवाही लगातार की जाएगी।

# ग्वालियर खजिन विभाग ने अवैध भण्डारण करते हुए पकड़े 6 डंपर

दिव्यानंद अर्गल

ग्वालियर। कलेक्टर रूचिका चौहान के निर्देशन में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग की टीम ने रात के समय सिरोल हाइवे पर अवैध खनिजों का परिवहन करने वालों क खिलाफ कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान छह डंपरों को गिटटी का अवैध परिवहन करते हुए पकडा है। सभी डंपरों को सिरोल थाने में रखवाया गया है। जिले में अभी तक



अवैध उत्खनन, परिवहन के 345 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनसे 6 करोड़ से अधिक की जुर्माना राशि वसूली गई है। कलेक्टर रूचिका चौहान के निर्देश पर पूरे जिले में खनिज विभाग द्वारा लगातार अवैध उत्खनन, परिवहन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है। खनिज अधिकारी घनश्याम यादव ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर शनिवार की रात सिरोल हाइवे पर चैकिंग पाइंट लगाया गया। इस दौरान वहां से गुजर रहे गिटटी से भरे 6 डंपरों को रोक कर उनके कागज चैक किए गए, किसी भी डंपर चालक के पास वैध दस्तावेज नहीं मिले। जिसके चलते खनिज का अवैध परिवहन करने वाले सभी 6 डंपरों को मध्यप्रदेश गौंण अवैध खनिज परिवहन, उत्खनन, भंडारण नियम 2022 के तहत कार्रवाई की गई है। जप्त किए गए सभी डंपरों को सिरोल थाने की अभिरक्षा में रखवाया गया है।

# श्रीमंत को आदरंजलि अर्पित की



कार्यक्रम संयोजक निलेश केदारे ,अपूर्व भीटे सहसंयोजक पीयूष भीटे ने बताया कि आज दिनांक 16.03.2026 को मालवाधीपति अटक से कटक 52 युद्ध के विजेता छत्रपति शिवाजी महाराज के स्वप्न स्वराज्य स्थापना मर अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले होळकर साम्राज्य के भीष्मपितामह श्रीमंत सुभेदार मल्हारराव होळकर कि 333 जन्म जयंती के अवसर पर इंदौर लालबाग स्थित श्रीमंत कि प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया उक्त कार्यक्रम मे प.पू.महामंडलेश्वर श्री श्री नितिनदास जी महाराज मातोश्री अहिल्या देवी के वंशज श्रीमंत उदयसिंह जी होळकर श्री क्षत्रिय धनगर सर्वाना संघ के अध्यक्ष श्री हरीश जी बारगळ,युवराज श्री अभयसिंह जी होळकर, बीजेपी नगर महामंत्री एड. श्रीमति स्वाति युवराज काशिद,सेवा संघ के सचिव श्री संजय कड,सेवा संघ कार्यकारणी के श्री मधुकर गोरे,श्री अशोक काळे,श्री रणजीत भुसारी, श्री दीपक वालेकर श्री छत्रपति शिवाजी सहकारी साख संस्था के उपाध्यक्ष श्री संजय जी गेळे एवं श्री रवि बरकडे,,श्री प्रवीण मतकर,श्रीमति आरती अजय होळकर,निलेश केदारे,अपूर्व भिटे, पियूष भिटे,यश मतकर, आनंद बारगळ,यश राशिनकर,सार्थक भिटे, अश्विन होळकर एवं श्रीमंत मे आस्था रखने वाले अन्य बंधुओ ने उपस्थित होकर श्रीमंत को आदरंजलि अर्पित की।

# वन सुरक्षा समिति खंदवारा की बैठक में वन संरक्षण पर जोर

नवल किशोर

कटनी। जिले के कटनी वन मंडल के अंतर्गत ढीमरखेड़ा रेंज में स्थित खंदवारा गांव में दिनांक 9 मार्च 2026 को वन सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में रेंज अधिकारी ढीमरखेड़ा सहित वन विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में वन सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ वन संरक्षण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। रेंज अधिकारी ने ग्रामीणों को वन्यप्राणियों की सुरक्षा के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जंगलों में रहने वाले जीव-जंतुओं का संरक्षण सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके साथ ही महुआ संग्रहण के दौरान पेड़ों के नीचे आग न लगाने की अपील की गई। अधिकारियों ने बताया कि महुआ के नीचे आग लगाने से जंगल में भीषण आग लगने की संभावना बढ़ जाती है, जिससे वन संपदा और वन्यजीवों को भारी नुकसान हो सकता है। बैठक में जंगल क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण को रोकने तथा अवैध गतिविधियों की जानकारी देने के लिए मुखबिर तंत्र को मजबूत करने पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा संयुक्त वन प्रबंधन समिति (JFMC) की भूमिका, ग्राम स्तर पर वन संरक्षण में समुदाय की भागीदारी और जंगलों की सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया गया।

# शादी का झासा देकर किया दुष्कर्म पुलिस ने किया गिरफ्तार न्यायालय में किया पेश

प्रदीप सिंह बघेल

बुढ़ार थाना अंतर्गत एक दुष्कर्म के मामले में कार्रवाई की गई है दिनांक 08.03.2026 को फरियादिया द्वारा थाना उपस्थित होकर एक लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसमें उसने उल्लेख किया कि श्रेयांस जैन उर्फ राजू पिता अशोक जैन निवासी वार्ड नं. 09 सिनेमा रोड बुढ़ार थाना बुढ़ार द्वारा उसे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाकर दुष्कर्म किया गया है। प्राप्त आवेदन पत्र के आधार पर थाना बुढ़ार में आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दिनांक 08.03.2026 को आरोपी श्रेयांस जैन उर्फ राजू पिता अशोक जैन उम्र 48 वर्ष निवासी वार्ड नं. 09 सिनेमा रोड बुढ़ार थाना बुढ़ार जिला शहडोल को बुढ़ार क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को आज माननीय न्यायालय बुढ़ार के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। सराहनीय भूमिका- उक्त कार्यवाही निरीक्षक खेमसिंह पेन्द्रो के के नेतृत्व में, उप निरी. नागेन्द्र प्रताप सिंह, सउनि अंजना अहिरवार, सउनि राजेन्द्र शुक्ला, प्र.आर. रामनाथ, राजू प्रसाद की महत्वपूर्ण भूमिका ।

जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

# भव्य गणगौर बाना निकला

## जागृति महिला मंडल श्री वैष्णव धाम मंदिर बिचौली मर्दाना रोड द्वारा भव्य गणगौर बाना निकाला गया



मंडल की संयोजक श्रीमति रचना गुप्ता ने बताया की प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी महिला मंडल द्वारा माता की आराधना के बाद गाजेबाजे के साथ भव्य गणगौर बाना निकला गया। जिस में गणगौर माता को आधुनिक प्रकार की पोषक एंव गहनों से सजाया गया था। मंडल की भावना आहलूवालिया व सरिता छाबड़ा ने बताया कि गणगौर बाने के पहले बड़ी संख्याओं में अनेक प्रकार के पहनावे ओर श्रृंगारित मातृशक्तियो को गेम एंव गणगौर गाने पर प्रस्तुति दी गई। बाने में सजधज कर निकले भगवान शिव और देवी पार्वती की महिलाएं पूजा करती चल रही थीं।



**साथ ही गणगौर बाने में बड़ी संख्या में मातृशक्तियाँ राजस्थानी पोषक में सजधज के राजस्थानी नृत्य करते चल रही थी**

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंजलि संजय शुक्ला जी राखी विजयवर्गीय जी मीना, नम्रता बियानी, सीमा प्रजापति इत्यादि मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा संचालन व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने हेतु महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

**आदित्य शर्मा**



इंदौर। इंदौर शहर में यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से आज दिनांक को पुलिस कंट्रोल रूम, पलासिया के सभागृह में ई-रिक्शा संचालन व्यवस्था संबंधी एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक पुलिस उपायुक्त (प्रभारी यातायात) श्री राजेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में यातायात पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्य श्री शरद नाईक, बैटरी ई-रिक्शा संघ के अध्यक्ष श्री राजेश बिडकर तथा ई-रिक्शा चालकों के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान शहर में ई-रिक्शा संचालन को अधिक सुव्यवस्थित बनाने, यातायात नियमों के प्रभावी पालन, संचालन व्यवस्था में सुधार तथा ई-रिक्शा चालकों के साथ समन्वय स्थापित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। चर्चा के उपरांत निम्न बिंदुओं पर सहमति बनी दिनांक 16 मार्च को ई-रिक्शा सेक्टर प्रबंधन व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। ई-रिक्शा संचालन को व्यवस्थित करने हेतु सेक्टर प्रणाली लागू की जाएगी, जिसमें यातायात पुलिस के साथ ई-रिक्शा संघ की टीम भी सेक्टर वितरण एवं ई-रिक्शा चालकों से समन्वय स्थापित करने में सहयोग करेगी। पूर्व में प्रस्तावित 7 सेक्टर के स्थान पर अब 4 सेक्टर बनाने पर सहमति बनी। चारों सेक्टरों के लिए अलग-अलग कलर कोडिंग निर्धारित की जाएगी, जिससे संचालन और पहचान में सुविधा होगी। चारों सेक्टर का रूट निर्धारण शहर के चारों यातायात जोनों के अनुसार किया जाएगा, ताकि शहर में ई-रिक्शा संचालन व्यवस्थित एवं संतुलित रूप से संचालित हो सके। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने यातायात पुलिस के साथ समन्वय बनाकर शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा ई-रिक्शा संचालन को नियमबद्ध करने के लिए पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। यातायात पुलिस द्वारा सभी ई-रिक्शा चालकों से अपील की गई है कि वे निर्धारित नियमों का पालन करें तथा शहर में सुरक्षित और सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

## आईटीआर (ITR) भरने/उसमे करेक्शन या रिफंड आदि के नाम पर होने वाले साइबर फ्रॉड से रहे सावधान




**आदित्य शर्मा**

फाइनेंशियल ईयर समाप्त होने पर लोगों द्वारा टैक्स भरने की कार्यवाही करते है, जिसका ही फायदा उठाकर ठग अक्सर टैक्स रिफंड, केवाईसी अपडेट या आईटीआर में गलती सुधारने के बहाने फर्जी मैसेज और ईमेल आदि या फर्जी लिंक भेजकर लोगों को निशाना बनाते हैं। अतः ऐसे सभी फर्जी मैसेज/लिंक आदि पर बिना वेरिफाई करें बिल्कुल क्लिक न करें और ओटीपी/बैंक डिटेल्स भी साझा न करें ।आईटीआर संबंधी सभी कार्य के लिए केवल आधिकारिक वेबसाइट का उपयोग करें।

## रक्तदान मानवता, संवेदनशीलता और कर्तव्यपरायणता का भाव है - डॉ भरत शर्मा

**रेडक्रॉस द्वारा संचालित दामोदर युवा संगठन द्वारा भारत के पहले निःशुल्क ब्लड कॉल सैंटर का अवलोकन**



मध्यप्रदेश में इंदौर शहर में स्थापित और रेडक्रॉस द्वारा संचालित दामोदर युवा संगठन द्वारा भारत के पहले निःशुल्क ब्लड कॉल सेंटर का अवलोकन डॉ. भरत शर्मा द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर संस्था में कार्यरत पदाधिकारी और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए डॉ. भरत शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति मानव सेवा, त्याग और परोपकार के सिद्धांत की सृजनकर्ता है । "परोपकारः परमः धर्मः।" हमारी संस्कृति में धर्म की व्याख्या करते हुए परोपकार को सर्वश्रेष्ठ धर्म माना गया है। रक्तदान सा परोपकार इसी भावना को दर्शाता हैं और सेवा, मानवता और हमे कर्तव्यपरायणता का भाव इंगित करता है। रक्तदान जीवन दान का ऐसा माध्यम है जिसका कोई विकल्प नहीं है। रक्तदान के प्रति जागरूकता और प्रोत्साहन अति आवश्यक हैं और देश विदेश के समाजसेवी, उद्योगपति, राजनीतिज्ञ, युवाओ और चिकित्सक वर्ग को आगे आकर रक्तदान को मिशन के रूप विश्वभर में रक्त की अनुपलब्धा के कारण गंभीर बीमारियों जैसे थेलीसेमिया, एनीमिया, सिकल सेल आदि से होनेवाली मृत्युदर पर लगाम कसना चाहिए। संस्था की ओर से डॉ. भरत शर्मा का स्वागत रक्तवीर के नाम से प्रख्यात अशोक नायक द्वारा पुष्पगुच्छ और स्मृतिचिह्न देकर किया गया।

## हेलमेट के प्रति जनजागरूकता हेतु, इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा लगातार किया जा रहा है, 'हेलमेट पहनें-सुरक्षित रहें अभियान" कार्यक्रम का आयोजन

**पुलिस कमिश्नर इंदौर की अगुवाई में, अभी तक 23 हेलमेट वितरण कार्यक्रम आयोजित कर, 3700 से ज्यादा हेलमेट जरूरतमंदों को किये है प्रदाय। इंदौर पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा का महत्व समझाते हुए, किया जा रहा है वाहन चालकों को हमेशा हेलमेट धारण सहित यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित।**

**आदित्य शर्मा**







इंदौर- सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त, नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ( अपराध/मुख्यालय) श्री आर.के. सिंह के मार्गदर्शन में लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है। इसी कड़ी में आज दिनाँक 12 मार्च 2026 शहर के पलासिया चौराहे पर पुलिस आयुक्त, नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय) श्री आरके सिंह, पुलिस उपायुक्त (प्रभारी यातायात) श्री राजेश कुमार त्रिपाठी व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा 23 वाँ 'हेलमेट पहनें-सुरक्षित रहें वृहद जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस कमिशनर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा युवा, बुजुर्ग, जरूरतमंद ऐसे वाहन चालक जिनके पास रजिस्ट्रेशन लाइसेंस दस्तावेज पूर्ण थे उन्हें हेलमेट प्रदान किए गए। ऐसे वाहन चालकों द्वारा नियमो का उल्लंघन करने पर पहले चालान किया गया फिर सुरक्षा का महत्व समझाते हुए हेलमेट भी दिया।

ऐसे भी जिम्मेदार दोपहिया वाहन चालक इस अभियान में सम्मिलित हुए जो स्वेच्छा से हेलमेट लगाएं मिले, पुलिस कमिश्नर व अधिकारियों द्वारा ऐसे जिम्मेदार चालको की प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्मान स्वरूप उपहार भी प्रदान किए गए। सड़क सुरक्षा का महत्व समझाने के लिए यातायात पुलिस द्वारा लगातार हेलमेट जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, और अभी तक 23 कार्यक्रमों में 3700 से ज्यादा हेलमेट भी वितरित किए गए हैं, ताकि वाहन चालक हादसों की गम्भीरता को समझें और नियमों का पालन करें। पुलिस कमिश्नर ने वाहन चालकों से यह भी कहा कि लगातार इन्दौर शहर के सुगम, सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए आमजन मानस को जागरूक करने व सड़क सुरक्षा में उनकी सहभागिता के लिए नित नए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रमें उद्देश्य यही है कि वाहन चालक सड़क सुरक्षा नियमों की गंभीरता को समझे व स्वेच्छा से यातायात नियमों का पालन करें। इस अभियान को आगे बढ़ाने के लिए जिम्मेदार वाहन चालकों को आगे आना चाहिए और अन्य लोगों को भी सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना चाहिए। वाहन चालकों ने भी पुलिस कमिश्नर से अपने अनुभव साझा करते हुए, संकल्प लिया कि ना केवल हम यातायात नियमों का पालन करेंगे बल्कि अन्य लोगों को भी प्रेरित करेंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )